>

Title: Need to undertake expansion and modernization of Chhatrapati Shivaji Terminus Railway Station in Mumbai, Maharashtra.

**श्री एकनाथ महादेव गायकवाड (मुम्बई दक्षिण-मध्य):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में स्थित ऐतिहासिक छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (सी.एस.टी.) रेलवे स्टेशन की ओर आकृषित करना चाहता हूं। महोदया, इस टर्मिनस के विस्तार एवं आधुनिकीकरण का प्रस्ताव रेल मंत्रालय के पास काफी समय से विचाराधीन है। उपरोक्त प्रस्ताव में सी.एस.टी रेलवे स्टेशन के पास लगभग 20 एकड़ जमीन को विकसित करके नया टर्मिनल बीओटी बेसिस पर बनाया जाना था। इस प्रस्ताव के संबंध में कई बार समय-समय पर महाराष्ट्र सरकार की ओर से ध्यान आकृषित किया गया लेकिन अभी भी यह प्रस्ताव रेल मंत्रालय के पास विचाराधीन है।

अतः महोदय, मैं सरकार से विनम्र निवेदन करता हूं कि यात्रियों की असुविधा एवं इसके ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए छत्रपति शिवाजी टर्मिनस के विस्तार एवं आधुनिकीकरण के प्रस्ताव को शीघ्रातिशीघ्र अमल में लाने की कृपा करें।